CBSE Class 6 Maths Notes Chapter 10 क्षेत्रमिति

→ परिमाप एक ऐसी दूरी है जो रेखाखंडों के साथ-साथ चलते हुए एक बंद आकृति के चारों ओर एक पूरा चक्कर लगाने में तय होती है।

→ आयत का परिमाप = 2 × (लंबाई + चौड़ाई)

→ वर्ग का परिमाप = 4 × एक भुजा की लंबाई ।

→ समबाहु त्रिभुज का परिमाप = 3 × एक भुजा की लंबाई

→ ऐसी आकृतियाँ, जिनकी सभी भुजाएँ और कोण बराबर हों, बंद सम आकृतियाँ कहलाती हैं।

→ बंद आकृतियों द्वारा घेरे गए तल के परिमाण को उसका क्षेत्रफल कहते हैं।

→ ग्राफ पेपर द्वारा किसी आकृति का क्षेत्रफल ज्ञात करना

- एक पूरे वर्ग के क्षेत्रफल को हम 1 वर्ग इकाई (मात्रक) लेते हैं। यदि ये वर्ग एक वर्ग सेंटीमीटर के हैं तब एक पूरे वर्ग का क्षेत्रफल 1 वर्ग सेमी. होगा।
- जिन वर्गों का आधे से कम भाग आकृति से घिरा है, उन्हें छोड़ दीजिए।
- यदि किसी वर्ग का आधे से अधिक भाग आकृति से घिरा है, तो ऐसे वर्ग को हम एक पूरा वर्ग गिनते हैं।
- यदि किसी वर्ग का ठीक-ठीक आधा भाग गिनती में आता है, तो ऐसे वर्ग के क्षेत्रफल को 1212 वर्ग इकाई लेते हैं। इस विधि से इच्छित क्षेत्रफल का अनुमान अच्छी तरह लगाया जा सकता है।

→ आयत का क्षेत्रफल = लंबाई × चौड़ाई

→ वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा × भुजा।